शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के सभी सक्रिय शिक्षकों के लिए एक सौगात

हमारे राज्य के बहुत से शिक्षकों ने अपने कार्यक्षेत्र में अपना प्रदर्शन बेहतर करने हेतु स्व-अध्ययन में रूचि दिखाई है | विभिन्न आनलाइन पाठ्यक्रम में पंजीयन के लिए बहुत बड़ी संख्या में शिक्षकों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं | कुछ पाठ्यक्रम में तो हमारे राज्य के शिक्षकों का पंजीयन पूरे देश में सबसे अधिक है |

इसी मांग को देखते हुए शिक्षक दिवस के दिन हमारे राज्य के शिक्षकों के लिए दिल्ली की एक गैर-सरकारी संस्था व्दारा The Teacher APP नाम का एक एप्प बनाया गया है | यह हमारे राज्य के शिक्षकों के लिए निःशुल्क है और कुछ प्रतियोगिताओं में शामिल होकर वे इनाम भी जीत सकते हैं |

इस एप्प को डाउनलोड कर आप निम्नलिखित लाभ ले सकते हैं –

- विभिन्न विषयों एवं अवधारणाओं की समझ बनाने बहुत सारे दिलचस्प कोर्सेस | कोई भी कोर्स आप लगभग एक घंटे में अपने फोन पर पूरा कर सकते हैं | इन्हें डाउनलोड कर आप ऑफलाइन मोड़ में बिना इंटरनेट के भी देख सकते हैं और पूरा होने पर डिलीट कर अपने मोबाइल के जगह को खाली कर सकते हैं ||
- इसमें शिक्षा से जुड़े विभिन्न सम-सामयिक मुद्दों पर चैट-शाला कार्यक्रम में आप विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के विचार सुन सकते हैं और क्रिटिकल थिंकिंग का विकास कर सकते हैं |
- टीचर टूलकिट में आपको कक्षा के लिए उपयोगी वीडियो एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे |
- इस एप्प के माध्यम से राज्य के लगभग सौ सक्रिय शिक्षकों को चुना जाएगा जिनकी कहानी तैयार कर Humans of Indian Schools नामक ब्लॉग में प्रकाशित की जाएगी | ये कहानियां देश भर के शिक्षकों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनेंगी |
- एप्प में शिक्षकों को एक सामग्री निर्माण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा | इस प्रतियोगिता में जिस शिक्षक के विचार या सामग्री सबसे श्रेष्ठ या लोकप्रिय होगी अर्थात जिन्हें सबसे अधिक वोट या लाइक मिलेंगे, उन्हें उपहार स्वरुप एक स्मार्ट फोन भेंट में दिया जाएगा |
- हमें खुशी है कि एप्प से अपनी क्षमता विकास का यह मौका देश में सबसे पहले हमारे राज्य को मिल रहा है और वह भी शिक्षक दिवस के सुअवसर पर |
- आशा है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षक, प्रशिक्षार्थी सभी जुड़कर इस सुविधा का लाभ लेकर अपनी कक्षा अध्यापन को और बेहतर कर सकेंगे |

TheTeacherApp पर अपना अकाउंट बनाना:

1

Register बटन दबाएँ

2

1. अपना फोन नंबर लिखें
2. अपना password बनायिए
3. अपना बनाया password दोबारा भरिए
4. Register बटन दबाए

3

आपक फोन पर एक SMS आएगा। SMS में दिया verification number अपने आप भर जाएगा

4

1. अन्य जानकारी भरिए
2. जानकारी भरने के बाद Submit बटन दबाएँ

TheTeacherApp पर कोर्स देखना:

1

1. ऊपर दिये गया Course Tab दबाएँ
2. कोर्स को देखने के लिए उसके चित्र को दबाएँ

2

Course Material बटन को दबाएँ



3

1. Section को डाउनलोड करने के लिए नीला बटन दबाएँ
2. जब डाउनलोड पूरा हो जायेगा तब हरा play बटन दबाए